राधा नाम से होना बदनाम

श्री राधे श्री राधे श्री राधे जपु तेरा नाम,
तेरा ये नाम राधे कान्हा भी जपता देखो,
मुझको भी होना बदनाम,

जपे तुझे सारे संता जपे तुझे सारे भक्ता ,
तेरे ही नाम के है पागल कान्हा की नजरो से घायल,
तेरा ही नाम जपु सुबहो शाम जपु दूसरा न कोई हो काम,
श्री राधे श्री राधे श्री राधे जपु तेरा नाम,

चाहे अमीर कोई बोले चाहे गरीब कोई बोले,
तेरी किरपा का लेता राजू पूरा जीवन खुद को तोले,
तेरे से श्याम मिले चाहत के फूल खिले तू ही तो रखती सब का मान,
श्री राधे श्री राधे श्री राधे जपु तेरा नाम,

सारे जग का हु मैं मारा कहता है राधे ये वेचारा,
तेरे सिवा न दूसरा कोई अपनी तकदीरो से मैं हारा,
चरणों में मुझको रखले मेरा जीवन अपना करले,
तुझसे हो मेरी पहचान,
श्री राधे श्री राधे श्री राधे जपु तेरा नाम,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6463/title/shri-radhe-shri-radhe-japu-tera-naam-tere-naam-se-radhe-mujhe-bhi-hona-hai-badnaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |